HSSC GROUP-D EXAM=17-11-2018

# TEST CODE : 4/2018

**Series : V**

**Category No. : 1 (E17)**

HSSC-Group-D-Jattal(Panipat)

17-11-2018

3:00-4:30 (evening)

**Candidate's Roll Number/ अभ्यार्थी का रोल नम्बर**

| 4 | 1 | 8 | 2 | 1 | 8 | 8 | 5 | 0 | [redacted] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| Time allowed : 1 Hour 30 Minutes | Total Questions : 90 | Maximum Marks : 90 |
| अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट | कुल प्रश्न : 90 | अधिकतम अंक : 90 |

**V** | **SL. NO: 11280606**

**ENV. SL NO: 115606**

**ROLL NO: 41821885[redacted]**

**NAME :** MONU

**Father Name :** KRISHAN KUMAR

## KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER

## IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES

## इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें

## अभ्यार्थियों के लिए विशेष निर्देश

1. Attempt all the questions. Every question has equal marks viz. 1.
2. Before attempting the question paper kindly check that this booklet has total **16** pages and OMR Answer Sheet consists of three copies. At the start of the examination and within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of test booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. Serial No. and Series of OMR Answer Sheet and Test Booklet match with each other. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Do not forget to write roll number on the top of this question booklet and OMR Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the question booklet and OMR Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport etc. at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to take the examination.
6. Candidates are advised to make sure to fill the correct name, Roll No. and test booklet code on the OMR Answer Sheet. If the space for the Booklet Code is left blank or more than one booklet code is indicated therein and non filling of name and Roll No. as per instruction, it will be deemed to be an incorrect booklet code and Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the test booklet code. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on attendance sheet, on the OMR Answer Sheet and on the Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener etc., to smudge, scratch or damage in any manner on the OMR Answer Sheet during Examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Sheet of candidates using Eraser, Blade, Nail or White Fluids/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner, shall be cancelled.**

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक समान अर्थात **1** है।
2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल **16** पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है। अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए है और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है। OMR उत्तर पत्रक एवं टेस्ट बुकलेट (पुस्तिका) के सीरियल नं. और सीरीज एक-समान होने चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परिवीक्षक से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए। परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें।
5. अभ्यार्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है। इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है। इनके न होने पर अभ्यार्थी को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।
6. अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है। यदि बुकलेट-कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए है या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए है तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यार्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा। पुरुष-अभ्यार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यार्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे।
7. परीक्षा-हॉल में परिवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यार्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने है और अँगूठे के निशान देने है।
8. अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें। OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए रबड़, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ/वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने पर सख़्त निषेध है। इन वस्तुओं के प्रयोग से उत्तर-पत्रक या OMR उत्तर पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यार्थी की अभ्यार्थिता और OMR उत्तर पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे।

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO./ जब तक कहा न जाए, सील न खोलें।**

V

*(Read the instructions on last page of this booklet.)*

(प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिये हुए निर्देश को पढ़ें।)

Downloaded from www.cclchapter.com

1. Arrange the following in the chronological order.
   1. August Offer
   2. Poona Pact
   3. Third Round Table Conference

   Choose the right code.

   (A) 1 – 2 – 3 (B) 3 – 2 – 1
   (C) 2 – 3 – 1 (D) 1 – 3 – 2

2. Value of $\cos^2 30° + \sin^2 45° - \frac{1}{3} \tan^2 60°$ is

   (A) 0 (B) 1
   (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{4}$

3. The present day Haryana came under the control of British rule in the year

   (A) 1803 (B) 1777
   (C) 1600 (D) 1781

4. Highly reactive metal among the following

   (A) Lead (B) Iron
   (C) Copper (D) Zinc

5. Which of the following does not constitute under Balance of Payment List ?

   (A) Budget estimation of external borrowing
   (B) Transaction between India and foreign countries
   (C) Transaction between India and IMF & World Bank
   (D) Grants given to Union Territories

6. Consider the following statements regarding nuclear minerals and nuclear power stations.
   1. In Rajasthan and Jharkhand we have large deposits of Uranium minerals.
   2. Kerala has large deposit of Thorium material.
   3. As of today Orissa State has no nuclear power station.

   Which of the following is not correct ?

   (A) 1 only (B) 2 only
   (C) 3 only (D) none

1. कालक्रमानुसार निम्नलिखित को व्यवस्थित करें ।
   1. अगस्त प्रस्ताव
   2. पूना समझौता
   3. तृतीय गोल मेज सम्मेलन

   सही कूट चुनें ।

   (A) 1 – 2 – 3 (B) 3 – 2 – 1
   (C) 2 – 3 – 1 (D) 1 – 3 – 2

2. $\cos^2 30° + \sin^2 45° - \frac{1}{3} \tan^2 60°$ का मान है

   (A) 0 (B) 1
   (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{4}$

3. आज का हरियाणा ब्रिटिश शासन के नियंत्रण में वर्ष ________ को आया ।

   (A) 1803 (B) 1777
   (C) 1600 (D) 1781

4. निम्नलिखित में उच्च अभिक्रियाशील धातु है

   (A) सीसा (B) लोहा
   (C) ताँबा (D) जस्ता

5. निम्नलिखित में से कौन–सा भुगतान संतुलन सूची के अंतर्गत नहीं आता ?

   (A) बाह्य ऋणों का बजट अनुमान
   (B) भारत और विदेशों के बीच अंतरण
   (C) भारत और IMF और विश्व बैंक के बीच अंतरण
   (D) संघ क्षेत्रों को दिए गए अनुदान

6. नाभिकीय खनिजों और नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   1. राजस्थान और झारखंड यूरेनियम खनिजों के बड़े भड़ार हैं ।
   2. केरल में थोरियम के बृहद भंड़ार है ।
   3. आज की तारीख तक ओडिशा राज्य में कोई नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र नहीं है ।

   निम्नलिखित में से कौन–सा सत्य नहीं है ?

   (A) केवल 1 (B) केवल 2
   (C) केवल 3 (D) कोई नहीं

V



Downloaded from www.cclchapter.com

7. Regarding food, Haryana is called as
(A) Land of roses (B) Land of thorns
(C) Land of smiles (D) Land of rotis

8. Which is the smallest district of Haryana ?
(A) Hissar (B) Faridabad
(C) Sonipat (D) Biwani

9. Find the number which is not like the other 3 numbers.
(A) 12336 (B) 12448
(C) 12556 (D) 12672

10. Seven times a given two digit number is equal to four times the number obtained by interchanging the digits and the difference of the digits is 3. Then the number is
(A) 36
(B) 25
(C) 14
(D) none of these

11. A Commission for the Re-organisation of States, according to language and culture was set-up by the Indian Government, in the year 1953, under the Chairmanship of
(A) Syed Fazal Ali
(B) Mahatma Gandhi
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Subhashchandra Bose

12. In the midst of a debate on Decriminalization of Politics running across political party, one of the earlier measures to stop unethical political affairs the Anti-Defection Law was brought through
(A) 90th Constitutional Amendment
(B) 91st Constitutional Amendment
(C) 51st Constitutional Amendment
(D) 52nd Constitutional Amendment

7. खाने के संबंध में, हरियाणा _________ कहलाता है ।
(A) गुलाबों की भूमि (B) काँटों की भूमि
(C) मुस्कानों की भूमि (D) रोटी की भूमि

8. कौन–सा हरियाणा का सबसे छोटा जिला है ?
(A) हिसार (B) फरीदाबाद
(C) सोनीपत (D) भिवानी

9. वह संख्या ज्ञात करें जो अन्य 3 संख्याओं से भिन्न है ।
(A) 12336 (B) 12448
(C) 12556 (D) 12672

10. एक दो अंकों की संख्या का सात गुणा उसके अंकों का स्थान परिवर्तित करने पर प्राप्त संख्या का चार गुणा है और अंकों का अंतर 3 हैं । तो संख्या है
(A) 36
(B) 25
(C) 14
(D) इनमें से कोई नहीं

11. भाषा और संस्कृति के अनुसार राज्यों के पुनर्गठन हेतु भारत सरकार द्वारा 1953 में एक आयोग _________ की अध्यक्षता में गठित किया गया ।
(A) सैय्यद फजल अली
(B) महात्मा गाँधी
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) सुभाषचंद्र बोस

12. राजनीतिक दलों में राजनीति के अपराधीकरण पर एक बहस के मध्य में, अनैतिक राजनैतिक कार्य रोकने के एक आरंभिक उपाय के रूप में प्रति–कर्तव्य च्युति कानून _________ के माध्यम से लाया गया ।
(A) 90 वाँ संविधान संशोधन
(B) 91 वाँ संविधान संशोधन
(C) 51 वाँ संविधान संशोधन
(D) 52 वाँ संविधान संशोधन




Downloaded from www.cclchapter.com

13. Which of the following movements that made Gandhiji, a truly National leader ?
(A) Kheda Satyagraha
(B) Non-co-operation Movement
(C) Rowlatt Satyagraha
(D) None of the above

14. If –3 is the zero of the polynomial $f(x) = 2x^2 - (a + 1)x + 4a$ then value of a is
(A) –3 (B) 0
(C) 1 (D) $3/2$

15. The values of x and y satisfying the equations $2(ax - by) + a + 4b = 0$ and $2(bx + ay) + b - 4a = 0$ are
(A) $x = 2, y = 7/2$ (B) $x = -\frac{1}{2}, y = 2$
(C) $x = a/2, y = b/2$ (D) $x = 1, y = 1$

16. An object 5 cm in length is placed at a distance 20 cm infront of convex mirror of radius of curvature 30 cm. The position of the image is at
(A) 8.6 cm behind the mirror
(B) 8.6 cm infront of the mirror
(C) 6.67 cm behind the mirror
(D) 6.67 cm infront of the mirror

17. Shawl made up of embroidery work is called as
(A) Kashmiri Shawl (B) Bagh
(C) Pashmina (D) Doshalla

18. Number of functional items or administrative powers given to Municipalities under 12th Schedule of the Constitution is
(A) 29 (B) 28
(C) 18 (D) 19

13. निम्नलिखित में से किस आंदोलन ने गाँधी को एक सच्चा नेता बनाया ?
(A) खेडा सत्याग्रह
(B) असहयोग आंदोलन
(C) रौलेट सत्याग्रह
(D) इनमें से कोई नहीं

14. यदि –3 बहुपदीय $f(x) = 2x^2 - (a + 1)x + 4a$ का एक शून्य है तो a का मान है
(A) –3 (B) 0
(C) 1 (D) $3/2$

15. समीकरणों $2(ax - by) + a + 4b = 0$ और $2(bx + ay) + b - 4a = 0$ को संतुष्ट करने वाले x और y के मान हैं
(A) $x = 2, y = 7/2$ (B) $x = -\frac{1}{2}, y = 2$
(C) $x = a/2, y = b/2$ (D) $x = 1, y = 1$

16. एक 5 सें.मी. लंबाई की वस्तु 30 सें.मी. वक्रता त्रिज्या वाले उत्तल दर्पण के सामने 20 सें.मी. की दूरी पर रखी है । प्रतिबिंब का स्थान ________ पर है ।
(A) दर्पण के 8.6 सें.मी. पीछे
(B) दर्पण के 8.6 सें.मी. सामने
(C) दर्पण के 6.67 सें.मी. पीछे
(D) दर्पण के 6.67 सें.मी. आगे

17. कढ़ाई किया गया शॉल ________ कहलाता है ।
(A) कश्मीरी शॉल (B) बाघ
(C) पशमीना (D) दोशाला

18. संविधान की बारहवीं अनुसूची के अंतर्गत नगर निगमों की दिए गए कार्यकारी मदों या प्रशासनिक शक्तियों की संख्या ________ है ।
(A) 29 (B) 28
(C) 18 (D) 19



Downloaded from www.cclchapter.com

19. Mr. P started walking towards South. After walking 15 metres he turned to the left and walked 15 metres. He again turned to his left and walked 15 metres. How far is he from his starting point ?

(A) 15 metres (B) 30 metres
(C) 45 metres (D) none of these

20. In ΔABC, AB = 7 cm, AC = 13 cm and BC = $2\sqrt{30}$ cm then |B is

(A) 120° (B) 60°
(C) 90° (D) 45°

21. Complete the analogy.

Geometry : Euclid : : Co-ordinate Geometry : ?

(A) Rene Descartes
(B) Euler
(C) Cantor
(D) Newton

22. Bleaching powder is

(A) CaOCl (B) $CaOCl_2$
(C) $CaO_2Cl$ (D) $CaO_2Cl_2$

23. Several Ganas used to make a

(A) Mandal (B) District
(C) Sangha (D) Hobali

24. Which of the following cities is famously called ' Scotland of India' ?

(A) Shimla
(B) Kodagu (Coorg)
(C) Ooty
(D) Darjeeling

25. In October 1907, A State Level Conference was held by Lala Lajpat Rai and was called as

(A) Quit India
(B) Azad Hind
(C) Swadeshi Andolan
(D) Sathyagraha

19. श्री P दक्षिण की ओर चल रहे हैं । 15 मीटर चलने के बाद वे बाएँ मुडते हैं और 15 मीटर चलते हैं । फिर अपने बाएँ मुडकर 15 मीटर चलते हैं । वह आरंभिक बिंदु से कितने दूर हैं ?

(A) 15 मीटर (B) 30 मीटर
(C) 45 मीटर (D) इनमें से कोई नहीं

20. ΔABC में, AB = 7 सें.मी., AC = 13 सें.मी. और BC = $2\sqrt{30}$ सें.मी. तो |B है

(A) 120° (B) 60°
(C) 90° (D) 45°

21. समरूपता पूर्ण करें ।

ज्यामिति : यूक्लिड : : निर्देशांक ज्यामिति : ?

(A) रीनी डेस्कार्टस्
(B) यूलर
(C) कैंटर
(D) न्यूटन

22. ब्लीचिंग पाउडर है

(A) CaOCl (B) $CaOCl_2$
(C) $CaO_2Cl$ (D) $CaO_2Cl_2$

23. ________ के लिए बहुत गणों का उपयोग होते हैं ।

(A) मंडल (B) जिला
(C) संघ (D) होबली

24. निम्नलिखित में से किस नगर को 'भारत का स्कॉटलैंड' कहा जाता है ?

(A) शिमला
(B) कोडगू (कूर्ग)
(C) ऊटी
(D) दार्जिलिंग

25. अक्टूबर 1907 में, लाला लजपत राय द्वारा एक राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसे ________ कहा गया ।

(A) भारत छोड़ो
(B) आजाद हिंद
(C) स्वदेशी आंदोलन
(D) सत्याग्रह





Downloaded from www.cclchapter.com

26. Find the missing letters (?) from the options for BF, JN, RV, ZD, HL, ?

(A) PT (B) LP
(C) GK (D) QU

27. If $3x - 4y + 5 = 0$ and $6x - 8y + k = 0$ represent the same line then the value of k is

(A) 5 (B) 15
(C) 10 (D) none of these

28. Home Rule League Agitation was started by

(A) Vivekananda
(B) Sister Nivedita
(C) M.K. Gandhi
(D) Annie Besant

29. If 21st of July was Saturday then 4th July was of the same year was

(A) Wednesday (B) Thursday
(C) Saturday (D) Tuesday

30. The Andaman and Nicobar is separated by

(A) 10° channel (B) 8° channel
(C) 6° channel (D) 12° channel

31. The distance between the points $(a+b, a-b)$ and $(a-b, a+b)$ are

(A) 0 (B) $a+b$
(C) $\sqrt{8}\,b$ (D) none of these

32. The age of a father is equal to the sum of the ages of his 5 children. After 15 years, the sum of the ages of the children will be twice the age of the father. Find the age of the father.

(A) 40 years (B) 45 years
(C) 48 years (D) 50 years

26. BF, JN, RV, ZD, HL, ? हेतु विकल्पों में से लुप्त अक्षर (?) ज्ञात करें।

(A) PT (B) LP
(C) GK (D) QU

27. यदि $3x - 4y + 5 = 0$ और $6x - 8y + k = 0$ समान रेखा को दर्शाते हैं, तो k का मान है

(A) 5 (B) 15
(C) 10 (D) इनमें से कोई नहीं

28. होम रूल लीग आंदोलन ______ द्वारा शुरु किया गया।

(A) विवेकानंद
(B) सिस्टर निवेदिता
(C) एम.के. गाँधी
(D) एनी बेसेंट

29. यदि 21 जुलाई शनिवार था तो उसी वर्ष 4 जुलाई को ______ था।

(A) बुधवार (B) गुरुवार
(C) शनिवार (D) मंगलवार

30. अंडमान और निकोबार ______ द्वारा पृथक हैं।

(A) 10° चैनल (B) 8° चैनल
(C) 6° चैनल (D) 12° चैनल

31. बिंदुओं $(a+b, a-b)$ और $(a-b, a+b)$ के बीच दूरी है

(A) 0 (B) $a+b$
(C) $\sqrt{8}\,b$ (D) इनमें से कोई नहीं

32. एक पिता की आयु अपने 5 बच्चों की आयु के योग के बराबर है। 15 वर्षों के बाद, बच्चों की आयु का योग पिता की आयु से दोगुना होगा। पिता की आयु ज्ञात करें।

(A) 40 वर्षों (B) 45 वर्षों
(C) 48 वर्षों (D) 50 वर्षों

V



Downloaded from www.cclchapter.com

33. Which State in the following lies to the east of Haryana ?
(A) Rajasthan
(B) Uttar Pradesh
(C) Himachal Pradesh
(D) Punjab

34. Three cubes each of the side 1.5 cm are joined end to end, the surface area of resulting solid is
(A) 29.75 cm²
(B) 31.5 cm²
(C) 30.25 cm²
(D) 32 cm²

35. Which of the following form an AP ?
(A) 1, 1, 2, 2, 3, 3,...
(B) 0.3, 0.33, 0.333,...
(C) $\sqrt{2}, 2, 2\sqrt{2}, 4,...$
(D) $7, 7+\sqrt{2}, 7+2\sqrt{2}, 7+3\sqrt{2},...$

36. If '+' means '×', '–' means '÷', '×' means '–' and '÷' means '+' then 10+4×25–5÷8 =
(A) 48
(B) 53
(C) 35
(D) none of these

37. The famous actress Juhi Chawla is from ________ district of Haryana.
(A) Pinjore
(B) Rohtak
(C) Sonnet
(D) Ambala

38. The High Court building of Chandigarh was designed by
(A) Edwin Lutyens
(B) Le Corbusier
(C) Laurie Baker
(D) Cornwallies

33. निम्नलिखित में से कौन–सा राज्य हरियाणा के पूर्व में है ?
(A) राजस्थान
(B) उत्तर प्रदेश
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) पंजाब

34. प्रत्येकी 1.5 सें.मी. भुजावाले 3 घनों को आसन्न एक दूसरे से जोड़ा गया है, परिणामी ठोस का पृष्ठीय क्षेत्रफल है
(A) 29.75 cm²
(B) 31.5 cm²
(C) 30.25 cm²
(D) 32 cm²

35. निम्नलिखित में से कौन–सा एक समांतर श्रेणी बनाएगा ?
(A) 1, 1, 2, 2, 3, 3,...
(B) 0.3, 0.33, 0.333,...
(C) $\sqrt{2}, 2, 2\sqrt{2}, 4,...$
(D) $7, 7+\sqrt{2}, 7+2\sqrt{2}, 7+3\sqrt{2},...$

36. यदि '+' का अर्थ '×' है, '–' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–' और '÷' का अर्थ '+' तो 10+4×25–5÷8 =
(A) 48
(B) 53
(C) 35
(D) इनमें से कोई नहीं

37. प्रसिद्ध अभिनेत्री जूही चावला हरियाणा के ________ जिले से हैं ।
(A) पिंजौर
(B) रोहतक
(C) सोनेट
(D) अंबाला

38. चंड़ीगढ उच्च न्यायालय की इमारत का डिजाईन ________ ने बनाया ।
(A) एडविन लुटियन्स
(B) ली कॉर्बुषियर
(C) लोरी बेकर
(D) कॉर्नवालिस


V

Downloaded from www.cclchapter.com

39. Area of the circle inscribed in a square of side $\sqrt{2}$ cm is

(A) $\frac{1}{2}$ cm$^2$ (B) $\frac{\pi}{\sqrt{2}}$ cm$^2$

(C) $\frac{\pi}{4}$ cm$^2$ (D) $\frac{\pi}{2}$ cm$^2$

40. Archeological discoveries at ________ show that Haryana was a part of Mauryan empire.

(A) Saranath (B) Cylone

(C) Sugh (D) Kurukshetra

41. Legislative Assembly of Haryana passes laws on the subject included in the ______ Schedule of the Constitution.

(A) 7th (B) 8th

(C) 9th (D) 10th

42. Who among the following named for the 'most valuable player' of Asian Games 2018 award ?

(A) Mary Kom (B) Rikako Ikee

(C) Bhajrang Punia (D) P.V. Sindhu

43. Fore brain is specialised for

(A) Hearing

(B) Smell

(C) Sight

(D) Walking in a straight line

44. Which of the following statement/s is/are true with reference to cytoplasmic male sterility ?

(A) Cytoplasmic male sterility is total or partial male sterility in plants.

(B) This phenomenon has a wider application in plant breeding.

(C) Both A and B are correct

(D) Both A and B are wrong

39. $\sqrt{2}$ सें.मी. भुजा के एक वर्ग में उत्कीर्णित वृत्त का क्षेत्रफल है

(A) $\frac{1}{2}$ cm$^2$ (B) $\frac{\pi}{\sqrt{2}}$ cm$^2$

(C) $\frac{\pi}{4}$ cm$^2$ (D) $\frac{\pi}{2}$ cm$^2$

40. ________ में पुरातात्विक खोज दर्शाती है कि हरियाणा मौर्य साम्राज्य का भाग था।

(A) सारनाथ (B) सीलोन

(C) सुग (D) कुरुक्षेत्र

41. हरियाणा की विधानसभा संविधान की ________ अनुसूची में शामिल विषयों पर कानून पारित करती है।

(A) 7th (B) 8th

(C) 9th (D) 10th

42. एशियन खेल 2018 पुरस्कार के लिए किसे 'सर्वाधिक मूल्यवान खिलाडी' नामित किया गया है ?

(A) मेरी कॉम (B) रिकॉको इकी

(C) भजरंग पूनिया (D) पी.वी. सिंधु

43. अग्र मस्तिष्क ________ के लिए विशेषज्ञ है।

(A) सुनना

(B) घ्राण

(C) देखने

(D) एक सीधी रेखा में चलने

44. कोशिकाद्रवीय नर बंध्यता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) कोशिकाद्रवीय नर बंध्यता पादपों मे पूर्ण या आंशिक नर बंध्यता है।

(B) इस परिघटना का पादप जनन में व्यापक अनुप्रयोग है।

(C) A और B दोनों सही हैं

(D) A और B दोनों गलत हैं



Downloaded from www.cclchapter.com

45. Solutions of the equation $4\sqrt{5}\,x^2 + 3x - 2\sqrt{5} = 0$ are

(A) $\sqrt{5}, 2\sqrt{5}$ (B) $\frac{-2}{\sqrt{5}}, \frac{\sqrt{5}}{16}$

(C) $\frac{-2}{\sqrt{5}}, \frac{\sqrt{5}}{4}$ (D) $\sqrt{5}, \sqrt{5}$

46. Read the following statements about nationalism and choose the right one.

(A) It may leads to a formation of new states by consolidation or unification process

(B) It may also leads to a break-up of union or confederacy into a many new states

(C) Both are correct

(D) None

47. The under construction Mumbai-Ahmedabad bullet train project is funded by

(A) Germany (B) South Korea

(C) Japan (D) France

48. Haryana was formed on the recommendation of ________ Parliamentary Committee.

(A) Sardar Hukum Singh

(B) Tara Singh

(C) Chotu Ram

(D) Chaudhary Devi Lal

49. If 'ICE' is coded as 17 then 'TEA' is coded as

(A) 18 (B) 19

(C) 26 (D) 27

50. Which of the following Viceroy was associated with Ilbert Bill controversy ?

(A) Lord Curzon (B) Lord Ripon

(C) Lord Lytton (D) Lord Mayo

45. समीकरण $4\sqrt{5}\,x^2 + 3x - 2\sqrt{5} = 0$ के हल है

(A) $\sqrt{5}, 2\sqrt{5}$ (B) $\frac{-2}{\sqrt{5}}, \frac{\sqrt{5}}{16}$

(C) $\frac{-2}{\sqrt{5}}, \frac{\sqrt{5}}{4}$ (D) $\sqrt{5}, \sqrt{5}$

46. राष्ट्रवाद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही चुनें ।

(A) इससे समेकन या एकीकरण की प्रक्रिया द्वारा नए राज्य बनाए जा सकते हैं

(B) इससे एकात्मकता या संघवाद बहुत-से नए राज्यों में टूट सकता है

(C) दोनों सत्य हैं

(D) कोई नहीं

47. निर्माणाधीन मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का विलीयन ________ द्वारा किया जा रहा है ।

(A) जर्मनी (B) दक्षिण कोरिया

(C) जापान (D) फ्रांस

48. हरियाणा की स्थापना ________ की संसदीय समिति की संस्तुति पर हुई ।

(A) सरदार हुकुम सिंह

(B) तारा सिंह

(C) छोटू राम

(D) चौधरी देवी लाल

49. यदि 'ICE' का कूट 17 हो, तो 'TEA' का कूट होगा

(A) 18 (B) 19

(C) 26 (D) 27

50. इल्बर्ट बिल विवाद के साथ कौन-सा वॉयसरॉय जुडा था ?

(A) लार्ड कर्जन (B) लार्ड रिपन

(C) लार्ड लिटन (D) लार्ड मेयो



V

Downloaded from www.cclchapter.com

51. Find the missing number in the sequence, 8, 4, 12, 6, 18, 9, ?
(A) 20 (B) 25
(C) 27 (D) 30

52. Sultanpur Bird Sanctuary is located in
(A) Gurugram (B) Sultanpur
(C) Sonipat (D) Ambala

53. Below some fresh water bodies are given, arrange them from larger to smallest quantity of water in it and select the right code.
(A) Ice-caps – Ground water – Rivers
(B) Rivers – Ice-caps – Ground water
(C) Ground water – Ice-caps – Rivers
(D) Rivers – Ground water – Ice-caps

54. Thanesar ruled by Harshavardhan a King was in the vicinity of
(A) Kurukshetra (B) Ambala
(C) Biwani (D) Panchkula

55. Haryana is the ________ most populous State in India.
(A) 16th (B) 17th
(C) 15th (D) 14th

56. The eleventh State Assembly election took place during
(A) 2013 (B) 2014
(C) 2015 (D) 2016

57. By the 1930s, the Congress had accepted that Hindustani ought to be the national language, Hindustani is a blend of
(A) Sanskrit and Hindi
(B) Hindi and Urdu
(C) Sanskrit and Urdu
(D) Sanskrit, Hindi and Urdu

51. शृंखला 8, 4, 12, 6, 18, 9, ? में लुप्त संख्या ज्ञात करें।
(A) 20 (B) 25
(C) 27 (D) 30

52. सुल्तानपुर पक्षीविहार ________ में स्थित है।
(A) गुरुग्राम (B) सुल्तानपुर
(C) सोनीपत (D) अंबाला

53. नीचे कुछ ताजे पानी के जल निकाय दिए हैं, इन्हें अधिकतम से न्यूनतम जल की मात्रा में व्यवस्थित कीजिए और सही कूट चुनिए।
(A) आईस-कैप – भौम जल – नदी
(B) नदी – आईस-कैप – भौम जल
(C) भौम जल – आईस-कैप – नदी
(D) नदी – भौम जल – आईस-कैप

54. हर्षवर्धन राजा द्वारा शासित थानेसर के आसपास ________ थी।
(A) कुरुक्षेत्र (B) अंबाला
(C) भिवानी (D) पंचकुला

55. हरियाणा भारत में ________ सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है।
(A) 16th (B) 17th
(C) 15th (D) 14th

56. 11 वें राज्य विधान सभा चुनाव ________ के दौरान हुए।
(A) 2013 (B) 2014
(C) 2015 (D) 2016

57. 1930 तक काँग्रेस ने हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया था। हिंदुस्तानी ________ का मिश्रण है।
(A) संस्कृत और हिंदी
(B) हिंदी और उर्दू
(C) संस्कृत और उर्दू
(D) संस्कृत, हिंदी और उर्दू



Downloaded from www.cclchapter.com

58. On which of the following hill range is the 'Doddabetta' peak situated ?
(A) Nilgiri hills
(B) Cardamom hills
(C) Annamalai hills
(D) Nallamala hills

59. Haryana State shares its boundary with _______ number of States.
(A) 5 (B) 6
(C) 4 (D) 3

60. Name the fluid tissue similar to plasma of blood but colourless and contains less protein.
(A) Platelets (B) Dialysing fluid
(C) Lymph (D) Pleural fluid

61. With reference to modern farming in India consider the following statements.
1. It led to green revolution in agriculture productions in 1950's.
2. It introduced the High Yielding Varieties (HYV) of wheat seeds only.
3. Farmers of Punjab, Haryana and Western Uttar Pradesh were the first to try out the modern farming method in India.
4. HYV seeds, however, needed plenty of water and also chemical fertilizers and pesticides.

Which of the above are true ?
(A) 2, 3 and 4
(B) 1, 2 and 3
(C) 3 and 4 only
(D) 2 and 3 only

58. निम्नलिखित में से किस पर्वतीय श्रेणी पर 'दोड्डबेट्टा' चोटी स्थित है ?
(A) नीलगिरी पहाड़ियाँ
(B) कार्डामम पहाड़ियाँ
(C) अन्नामलाई पहाड़ियाँ
(D) नल्लामल पहाड़ियाँ

59. हरियाणा राज्य की सीमा _______ राज्यों से लगती है ।
(A) 5 (B) 6
(C) 4 (D) 3

60. उस द्रव ऊत्तक का नाम बताएँ जो रक्त के समान परंतु रंगहीन है और उसमें प्रोटीन कम होता है
(A) प्लेटलेट्स (B) डायलाइझिंग द्रव
(C) लसिका (D) प्लुरल द्रव

61. भारत में आधुनिक कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
1. इसकी वजह से 1950 में कृषि उत्पादन में हरितक्रांति हुई ।
2. इसने गेहूँ के बीज की उच्च उत्पादक किस्में ही केवल लाई ।
3. पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने सबसे पहले भारत में आधुनिक कृषि के तरीकों का प्रयोग किया ।
4. HYV बीजों को अत्यधिक जल, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत होती थी ।

उक्त में से कौन-सा सत्य है ?
(A) 2, 3 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 2 और 3



V

Downloaded from www.cclchapter.com

62. Boo Ali Shah Kalandar was a

(A) Soofi Saint (B) King

(C) Fighter (D) Soldier

63. Combination of Bagh and Phulkari is called as

(A) Topi (B) Phag

(C) Loor (D) Chope

64. Find the word which is different from the other 3 options given below.

(A) Ramayana (B) Panchatantra

(C) Mahabharata (D) Upanishad

65. Theatre on Bikes is a project started by

(A) Satyajith Ray

(B) Shyam Benegal

(C) Manish Joshi Bismil

(D) Karna Prasad

66. If P(E) = 0.73, then probability of 'not E' is

(A) 0.3 (B) 0.27

(C) 0.25 (D) 0.37

67. Yamuna river enters Haryana near ______ forest.

(A) Kalesar (B) Bandipur

(C) Gir (D) Satpura

68. Which of the following materials has lower resistivity ?

(A) Silver (B) Constantan

(C) Manganin (D) Glass

62. बू अली शाह कलंदर एक ________ थे ।

(A) संत सूफी (B) राजा

(C) योद्धा (D) सिपाही

63. बाघ और फुलकारी का संयोजन ________ कहलाता है ।

(A) टोपी (B) फाग

(C) लूर (D) चोप

64. नीचे दिए गए 3 विकल्पों से भिन्न शब्द ज्ञात करें ।

(A) रामायण (B) पंचतंत्र

(C) महाभारत (D) उपनिषद

65. बाइक पर थियेटर योजना ________ द्वारा शुरु किया गया ।

(A) सत्यजीत रे

(B) श्याम बेनेगल

(C) मनीश जोशी बिस्मिल

(D) कर्ण प्रसाद

66. यदि P(E) = 0.73, तो ' E न होने' की प्रायिकता है

(A) 0.3 (B) 0.27

(C) 0.25 (D) 0.37

67. यमुना नदी हरियाणा में ________ वन के पास से प्रवेश करती है ।

(A) कलिसर (B) बंडीपुर

(C) गिर (D) सतपुड़ा

68. निम्नलिखित में से किस पदार्थ की संवेदनशीलता कम है ?

(A) चाँदी (B) कांस्टेन्टन

(C) मैंगेनीन (D) काँच



Downloaded from www.cclchapter.com

## English Language

Choose the correct form of the verbs from the given options.

69. I __________ to go out, but I had too much work.
   (A) hoping
   (B) have hoped
   (C) have been hoping
   (D) had been hoping

70. __________ to the bank manager yet ?
   (A) Have you been writing
   (B) Do you write
   (C) Have you written
   (D) Were you writing

Choose the alternative that is opposite in meaning to the given word.

71. Perilous
   (A) Fine
   (B) Delicate
   (C) Healthy
   (D) Safe

72. Plenary
   (A) Mislead
   (B) Restricted
   (C) Complete
   (D) Mysterious

Use the appropriate modals to fill in the blanks.

73. If you __________ see him, give him my regards.
   (A) must
   (B) should
   (C) will
   (D) would

74. You _____ have written to him yesterday.
   (A) ought to
   (B) dare
   (C) will
   (D) need

Give single words for each of the following expressions.

75. Aircraft with two pairs of wings, one above the other.
   (A) Biplane
   (B) Biography
   (C) Biology
   (D) Biopic

76. Incapable of making mistakes or doing wrong.
   (A) Illiterate
   (B) Infidel
   (C) Infallible
   (D) Ineligible

Fill in the blanks with correct options.

77. The battalion operating from the mountain was able to __________
   (A) tie with
   (B) tie up
   (C) tie on
   (D) tie down

78. It's very kind of you to ________ to speak at the meeting.
   (A) Divide
   (B) Comply
   (C) Agree
   (D) Deny



V

Downloaded from www.cclchapter.com

## हिन्दी भाषा

79. 'बहू' शब्द का बहुवचन रूप है
(A) बहुएँ (B) बहूआ
(C) बहूए (D) बहुए

80. 'आयु' शब्द के साथ कौन–सा उपसर्ग सही लगता है ?
(A) उप (B) सु
(C) प्र (D) चिर

81. 'पगडी उछालना' मुहावरे का अर्थ है
(A) भयभीत होना
(B) स्वयं अपना नुकसान करना
(C) बेइज्जत करना
(D) आश्चर्य प्रकट करना

82. सुमेलित कीजिए :

| (अ) | (आ) |
|---|---|
| 1. सत्तासी | अ. 56 |
| 2. छप्पन | आ. 87 |
| 3. पैंतीस | इ. 69 |
| 4. उनहत्तर | ई. 35 |

(A) 1 – आ 2 – अ 3 – ई 4 – इ
(B) 1 – अ 2 – इ 3 – आ 4 – ई
(C) 1 – आ 2 – ई 3 – अ 4 – इ
(D) 1 – इ 2 – ई 3 – अ 4 – आ

83. निम्नलिखित में से 'आँख' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ।
(A) अक्षि (B) मीन
(C) नेत्र (D) नयन

84. निम्नलिखित में से सही वर्तनी का चयन कीजिए ।
(A) प्रतिक्रिया (B) प्रतीक्रीया
(C) प्रतिक्रीया (D) प्रतीक्रिया

85. जगत् + ईश = 'जगदीश', कौनसी संधि है ?
(A) विसर्ग संधि (B) व्यंजन संधि
(C) गुण संधि (D) वृद्धि संधि

86. 'लड़का पुस्तक पढता है' वाक्य में 'पुस्तक' का पद परिचय दीजिए ।
(A) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एक वचन, कर्म कारक, 'पढता है' क्रिया का कर्म
(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन, कर्म कारक, 'पढ़ता है' क्रिया का कर्म
(C) भाव वाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन, कर्म कारक, 'पढता है' क्रिया का कर्म
(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एक वचन, कर्त्ताकारक, 'पढता है' क्रिया का कर्त्ता

87. किसी वस्तु की दूसरी वस्तु से तुलना की जाती है और दोनों में समानता पाई जाती है, तो वहाँ कौन–सा अलंकार होता है ?
(A) वक्रोक्ति (B) उपमा
(C) श्लेष (D) छेकानुप्रास

88. 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?
(A) शांत रस (B) वीर रस
(C) करुण रस (D) शृंगार रस

89. 'हरि ग्रंथ पढेगा' इस वाक्य को कर्मवाच्य में लिखिए ।
(A) हरि से ग्रंथ पढ़ा गया ।
(B) हरि से ग्रंथ पढ़ी जाएगी ।
(C) हरि से ग्रंथ पढा जाएगा ।
(D) हरि ने ग्रंथ पढ़ा ।

90. गंगा में स्नान = 'गंगा स्नान' यह कौन–सा समास है ?
(A) द्वन्द्व (B) अव्ययी भाव
(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष



Downloaded from www.cclchapter.com

SL. NO: 11280606

9. Candidates are warned not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt, wear ornaments like ring, chain, earring etc. electronic or communication device, Pen, Pencil, Eraser, Sharpener and Correcting Fluid in the examination centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter in the examination centre. Candidate found possessing mobile phone or any other aiding material as mentioned above in the examination room will be treated a serious violation and it will amount to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examination.
10. The written examination will be supervised by doing frisking before allowing entry into Examination Centre, using CCTV Cameras, Biometric Attendance process by capturing the Biometric thumb impression and photograph of the candidates during Examination. Videography and Jammers etc. shall be used in the Examination Hall/Examination Centre to stop copying and impersonation etc.
11. Candidate's request to change the examination centre and seat in the Examination Hall shall not be entertained.
12. The scanned photograph of the candidate on his/her Admit Card or attendance sheet will be tallied with the candidate appearing in the examination by the invigilator. In the event of any discrepancy in the identification and verification of the candidate and photographs, the candidate shall not be allowed to sit in the examination and be liable for criminal prosecution.
13. The OMR answer sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of OMR Answer sheets separately. Candidate must handover the OMR Answer sheet without separating the three copies to the invigilator at the end of examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.
14. Each question has four alternative answer of which only one is correct. For each question, darken only one circle, which ever you think is the correct answer on the OMR answer sheet **with only Blue/Black Ball Pen provided by the Commission.** Pencil should not be used for darkening the circle. If more than one circle is found darkened, that answer will not be evaluated.
15. No candidate shall be allowed to go to the toilet/washroom during first and last thirty minutes of the examination.
16. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer sheet blank. If any OMR Answer sheet is found blank, it shall be crossed by the invigilator with his/her signature and mentioning "Cancelled" on it.
17. The answer sheet will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the answer sheet invalid.
18. Carefully fill in all the necessary particulars on the answer sheet. Change of answer sheet is not permitted.
19. While darkening the appropriate bubble(s) in the boxes darken the chosen bubble(s) fully as given below. If you darken more than one circle, your answer will be treated as wrong and such answer shall not be evaluated.

9. अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रुमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगुठी, चैन, कान में पहनने की इअरिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहने । इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यार्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यार्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा ।
10. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमैट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर का प्रयोग आदि शामिल है ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके ।
11. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यार्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा ।
12. परिवीक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यार्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यार्थी से किया जाएगा । अभ्यार्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा ।
13. इस OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यार्थी प्रति । इन्हें कदापि अलग न करें । OMR उत्तर-पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें । अभ्यार्थी परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर-पत्रक तीनों प्रतियों को अलग किये बिना कक्ष परिवीक्षक को सौंप देंगे । अभ्यार्थी प्रति कक्ष परिवीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी । अभ्यार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।
14. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं । **यह आपको आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए केवल नीले या काले बॉल-पेन से करना है।** गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है। यदि किसी उत्तर के लिए दो गोलों को गाढ़ा किया गया है तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।
15. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यार्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
16. किसी भी अभ्यार्थी को OMR उत्तर-पत्रक खाली छोडने की अनुमति नहीं है। यदि कोई OMR उत्तर-पत्रक खाली पाई गई तो परिवीक्षक उस पर ''क्रॉस'' करने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर ''निरस्त'' लिख देंगे ।
17. उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी । अधूरा या गलत भरने पर उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है ।
18. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है । उत्तर-पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है ।
19. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोला/गोलों को रंगे । यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा ।

| CORRECT METHOD/सही तरीका | WRONG METHODS/ गलत तरीके |
|---|---|
| Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ   Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ |

20. If a candidate does not comply with the instructions as mentioned above or creates any kind of indiscipline, the Commission shall take action as per instructions and in addition can also debar the candidate from appearing in the Examination, to be held in future and can also file criminal proceedings.

20. यदि कोई अभ्यार्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है तो आयोग निर्देशानुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगा, और इसके अतिरिक्त उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का केस भी दर्ज किया जा सकता है ।

V



Downloaded from www.cclchapter.com